सप्तदश बिहार विधान सभा

अष्टम् सत्र

ध्यानाकर्षण सूचना

निम्नलिखित ध्यानाकर्षण सूचना बिहार विधान सभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन नियमावली के नियम-104(3) के अन्तर्गत दिनांक-01.03.2023 के लिए माननीय अध्यक्ष महोदय द्वारा स्वीकृत की गयी है ।

क्र० सं०	सदस्य का नाम	विषय	विभाग
1	2	3	4
1.	श्रीमती प्रतिमा कुमारी, स०वि०स० श्रीमती कविता देवी, स०वि०स० श्रीमती निशा सिंह, स०वि०स० श्रीमती वीणा भारती, स०वि०स० श्री छत्रपति यादव, स०वि०स० श्री विजेन्द्र चौधरी, स०वि०स० श्री अजय कुमार, स०वि०स०	''राज्य में इन दिनों भोजपुरी गानों में अश्लीलता एवं जाति सूचक शब्दों का प्रयोग बेरोकटोक बढ़ गया है । इससे समाज का वातावरण दूषित हो रहा है । महिलाएं एवं लड़कियाँ ऐसे गानों से शर्मिंदगी महसूस करती हैं । इन गानों का प्रयोग आम लोगों को असहज करता है । समाज में आपसी भाईचारा एवं सौहार्द के बदले वैमनस्य, कटुता एवं अशांति फैल रही है । हमलोग भी कला-संस्कृति को बढ़ावा देने के पक्ष में हैं, लेकिन एक सभ्य समाज में कला के नाम पर भौंडा प्रदर्शन की अनुमति कदापि नहीं दी जा सकती है । भोजपुरी गानों में अश्लीलता एवं जाति सूचक शब्दों के प्रयोग को रोकने के लिए प्रदेश में कोई कारगर व्यवस्था नहीं है । अत: भोजपुरी गानों में अश्लीलता एवं जाति सूचक शब्दों की निगरानी एवं रोकथाम हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।''	गृह / कला, संस्कृति एवं युवा

2.	डॉ० निक्की हेम्ब्रम, स०वि०स० श्री अवधेश सिंह, स०वि०स० श्रीमती कुसुम देवी, स०वि०स०	''बांका जिलान्तर्गत चांदन जलाशय योजना के तहत चांदन डैम से भागलपुर एवं बांका जिला के बौंसी, बाराहाट, रजौन, धौरैया, अमरपुर, सन्हौला एवं शाहकुण्ड प्रखण्ड के लगभग 67945 हेक्टेयर की भूमि सिंचित होती थी परन्तु चांदन डैम में गाद के कारण सिंचाई क्षमता आधे से भी कम हो गई है । माननीय मुख्यमंत्री द्वारा चांदन जलाशय निरीक्षण के दौरान जमा सिल्ट को हटाने के निर्देश के बावजूद मात्र समिति गठित कर आज तक किसी प्रकार की कार्रवाई नहीं किए जाने से चांदन डैम के अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है तथा किसानों में मायूसी देखी जा रही है । अत: किसानों के हित में चांदन डैम से गाद निकालने की कार्रवाई करते हुए सिंचाई को सुचारू रूप से बहाल करने हेतु हम सदन के माध्यम से सरकार का ध्यान आकृष्ट करते हैं ।''	जल संसाधन

पवन कुमार पाण्डेय
प्रभारी सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-02/2023- 479 / वि०स०, पटना, दिनांक- 28 फरवरी, 2023 ई० ।

प्रति:- माननीय सदस्यगण, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

28.2.23
(विमलेन्दु भूषण कुमार)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-02/2023- 479 / वि०स०, पटना, दिनांक- 28 फरवरी, 2023 ई० ।

प्रति:- माननीय मुख्यमंत्री के आप्त सचिव / माननीय उप मुख्यमंत्री के आप्त सचिव एवं माननीय मंत्रिगण के आप्त सचिव को क्रमश: माननीय मुख्यमंत्री, माननीय उप मुख्यमंत्रिगण एवं मंत्रिगण के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

28.2.23
(विमलेन्दु भूषण कुमार)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-02/2023- 479 / वि०स०, पटना, दिनांक- 28 फरवरी, 2023 ई० ।

प्रति:- मुख्य सचिव, बिहार / राज्यपाल के प्रधान सचिव, बिहार / कार्यकारी सचिव, बिहार विधान परिषद् / महाधिवक्ता, बिहार, पटना उच्च न्यायालय / संसदीय कार्य विभाग / गृह विभाग / कला, संस्कृति एवं युवा विभाग तथा जल संसाधन विभाग के सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित ।

28.2.23

(विमलेन्दु भूषण कुमार)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।

ज्ञाप संख्या-ध्या०प्र०-02/2023- 479 / वि०स०, पटना, दिनांक-28 फरवरी, 2023 ई० ।

प्रति:- माननीय अध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / माननीय उपाध्यक्ष महोदय के आप्त सचिव / प्रभारी सचिव के प्रधान आप्त सचिव को क्रमशः माननीय अध्यक्ष महोदय, माननीय उपाध्यक्ष महोदय एवं प्रभारी सचिव, बिहार विधान सभा के सूचनार्थ प्रेषित ।

28.2.23

(विमलेन्दु भूषण कुमार)
उप सचिव,
बिहार विधान सभा, पटना ।